दिन– गुरुवार दिनांक– 19 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सीवान जिले के जसौली में आयोजित समारोह में प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

02. श्री मोदी आम जनसभा को भी करेंगे संबोधित। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लोगों में भारी उत्साह।

03. ईडी ने नीट पीजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के पटना, रांची समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की। सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मुख्य साजिशकर्ता सतेन्द्र यादवेंदु के दानापुर स्थित फ्लैट को भी किया सील।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून पूरे राज्य में सक्रिय हुआ। मौसम विभाग ने आज जमुई, औरंगाबाद जहानाबाद, गया और नवादा जिले में अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार दौरे पर आ रहे हैं। वे सीवान जिले के जसौली में आयोजित समारोह के दौरान प्रदेश की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

प्रधानमंत्री राज्य के विकास से संबंधित कई योजनाओं की सौगात देंगे। श्री मोदी पीएम आवास योजना, सीवेज ट्रिटमेंट और रेलवे से जुड़ी लगभग सत्तावन सौ करोड़ रूपये की विकास योजनाओं का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि प्रदेश के लाभार्थी किसानों के खातों में प्रत्यक्ष अतंरण के माध्यम से भेजेंगे। श्री मोदी पीएम आवास योजना के छियासठ सौ लाभार्थियों को नवनिर्मित आवास की चाभी सौंपेंगे। प्रधानमंत्री मढ़ौरा रेल इंजन कारखाने में बने डीजल ईंजन के निर्यात की पहली खेप दक्षिण अफ्रीकी देश गिनी के लिए रवाना करेंगे। साथ ही पटना और गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। यह ट्रेन उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से बगहा, नरकटियागंज, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर के रास्ते पाटलिपुत्र तक चलेगी। जसौली में प्रधानमंत्री की सभा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुये सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। सीवान, गोपालगंज और सारण समेत आस–पास के जिलों में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ी दी गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए कल्पना झा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लोगों में भारी उत्साह है।

———————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार आगमन से राज्य में विकास की रफ्तार

और तेज होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर महागठबंधन के नेताओं में घबराहट है।

———बाईट———

वहीं, लोजपा रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में सबसे ऊपर है। श्री पासवान ने कहा कि विकसित बिहार बनाने के लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री गम्भीर है।

———बाईट———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुये कहा कि एक बार फिर बिहार के लिए सौगातों की बैछार होने जा रही है।

———बाईट———

इधर, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में चुनाव है इसलिए एनडीए नेताओं का आना–जाना लगा रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जरूरत के समय बिहार को कभी कुछ भी नहीं मिलता।

———बाईट———

———————————————————————————

राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गयी है। एनडीए और महागठबंधन के नेताओं की ओर से दावे और प्रति दावे किये जा रहे हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि एनडीए के पांचों दल पूरी एकजुटता के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे।

———बाईट———

इधर, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि महागठबंधन के सभी दल एकजुट हैं और सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर गठबंधन प्रत्याशियों की जीत के लिए कार्य करेंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एकजुटता के साथ कार्य करने का संकल्प पारित किया है। पार्टी की राज्य परिषद की आज पटना के ज्ञान भवन में हुई बैठक में इस मुद्दे को लेकर सर्व सम्मति दिखी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा की गयी।

इससे पूर्व नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल को अध्यक्ष पद निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा गया। बैठक में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुये विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित है।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय की टीम नीट एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में आज पटना और रांची समेत कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया है कि इस मामले के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया और अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। पिछले वर्ष बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट एमबीबीएस परीक्षा पेपर लीक का खुलासा किया था। जांच में यह तथ्य सामने आया कि संजीव मुखिया एक अंतरराज्यीय संगठित गिरोह के जरिए कई प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक करने में भी शामिल था। गौरतलब है कि इस वर्ष अप्रैल में बिहार पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। इधर, ईडी ने सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मुख्य अभियुक्त सतेन्द्र यदुवेंदु के पटना के दानापुर स्थित फ्लैट को सील कर लिया है।

————————————————————————————

ईरान और इजराईल के बीच जारी युद्ध के दौरान ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने का प्रयास लगातार जारी है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि ऑपरेशन सिंधू के तहत एक सौ दस भारतीय की अब तक सुरक्षित वापसी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अपने हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाईट———

————————————————————————————

ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इक्कीस जून को विश्वभर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में योग शिविरों और योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में योग संगम का आयोजन होगा। योग स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है, इसे हमें अपनी जीवन शैली में आवश्यक रूप से शामिल करना चाहिए।

———बाईट———

————————————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून प्रदेश के अधिकतर भागों में तेजी से फैल रहा है। जिसके प्रभाव से राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर मध्यम वर्षा दर्ज की गयी है। इस दौरान कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी सूचना है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के भीतर पूरे प्रदेश में मॉनसूनी वर्षा का सिलसिला शुरू हो जायेगा। इस वर्ष सामान्य से ग्यारह प्रतिशत अधिक वर्षा का अनुमान है। मौसम विभाग, पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि आज जमुई, औरंगाबाद जहानाबाद, गया और नवादा जिले में कई स्थानों पर अति भारी बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सहरसा– नई दिल्ली– वैशाली एक्सप्रेस का ठहराव मानसी–सहरसा रेल खंड के सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर दिए जाने को स्वीकृति प्रदान कर दी है। खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने इसके लिए रेल मंत्री को धन्यवाद दिया है।

———————————————————————

नवादा के गोविंदपुर स्थित ककोलत जलप्रपात में आज अचानक एक ही समय बहुत अधिक पानी आ जाने के कारण सैलानियों के लिए बंद कर दिया गया है। प्रबंधन ने कहा है कि हालात सुधरने के बाद इसे खोला जायेगा।

———————————————————————

गयाजी जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिक्स लेन पुल के पास पशु चरा रहे दस से बारह लोग फल्गु नदी में आई अचानक बाढ में फंस गये। एनडीआरएफ की टीम ने इन सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी अनिल कुमार ने सिकटी और पलासी प्रखंड में सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तटबंधों की निगरानी बढ़ाने और बांधों को किसी नुकसान की सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के निर्देश दिये।

———————————————————————

जहानाबाद जिले के शकुराबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक होमगार्ड जवान को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार जवान बंटी कुमार झारखंड में पदस्थापित है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सीवान जिले के जसौली में आयोजित समारोह में प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

02. श्री मोदी आम जनसभा को भी करेंगे संबोधित। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लोगों में भारी उत्साह।

03. ईडी ने नीट पीजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के पटना, रांची समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की। सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मुख्य साजिशकर्ता सतेन्द्र यादवेंदु के दानापुर स्थित फ्लैट को भी किया सील।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून पूरे राज्य में सक्रिय हुआ। मौसम विभाग ने आज जमुई, औरंगाबाद जहानाबाद, गया और नवादा जिले में अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।